दिन— रविवार दिनांक— 20 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01 प्रदेश में बाढ़ क्षति का आकलन करने के लिए केन्द्रीय टीम आज पटना आ रही है। प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर टीम सौंपेगी अपनी रिपोर्ट।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दरभंगा एयरपोर्ट के नये सिविल इनक्लेव का शिलान्यास वर्चुअल मोड में करेंगे।

03. पानी की बड़ी बोतल, कॉपी और साईकिल होगी सस्ती। जीएसटी मंत्री समूह ने बैठक में लिया निर्णय।

04. और, भोजपुर तथा बक्सर जिले से ग्यारह करोड़ रूपये मूल्य के हाथी दांत के साथ दस तस्कर गिरफ्तार।

————————————————————

प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम तीन दिवसीय दौरे पर आज पटना पहुंचेगी। सात सदस्यीय टीम का नेतृत्व गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थसारथी कर रहे हैं। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने बताया कि टीम आज और कल प्रभावित इलाकों का दौरा करेगी। इसके अलावा बाईस अक्टूबर को यह दल राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। बैठक में बाढ़ के कारण हुए नुकसान को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी राय रखेंगे। उन्होंने कहा कि तटबंधों, सड़कों, इमारतों, फसल, बिजली आपूर्ति लाइनों को भारी नुकसान के मद्देनजर राज्य सरकार ने केंद्र से तीन हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रुपये की राहत और सहायता मांगी है। श्री सुमन ने कहा कि इस सहायता का उपयोग बाढ़ क्षतिपूर्ति, फसल क्षति मुआवजा प्रदान करने और बाढ़ के दौरान ध्वस्त हुई अन्य संरचनाओं को बहाल करने के लिए किया जाएगा।

———बाईट———

गौरतलब है कि इस साल अगस्त और सितंबर महीने में करीब तीस जिले बाढ़ से प्रभावित हुए थे। गंडक और कोसी नदी के जलस्तर में अभूतपूर्व वृद्धि के कारण उत्तर बिहार में व्यापक क्षति हुई थी।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा माध्यम से दरभंगा एयरपोर्ट के नये सिविल इनक्लेव का शिलान्यास वर्चुअल मोड में करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि शिलान्यास समारोह को लेकर दरभंगा में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

———बाइट———

दरभंगा का हवाई अड्डा उदघाटन के बाद चार साल से भी कम अवधि में देश का सफलतम हवाई अडडा साबित हुआ है। नये सिविल इनक्लेव के बन जाने से हवाई अड्डे का विस्तार होगा और यहां पर यात्री सुविधाएं बढ़ जाएंगी। 2020 में दरभंगा हवाई अड्डे की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उड़ान के तहत शुरुआत की गयी थी। यह फिल्हाल उत्तर बिहार के 14 जिलों के सुगम हवाई आवाजाही के महत्वपूर्ण केंद्र है । यह मिथिला क्षेत्र के अलावा पड़ोसी देश नेपाल और पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के लोगों को भी सेवा प्रदान कर रहा है।
आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मैं मणिकांत झा।

———————————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष दो हजार चौबीस—पच्चीस के लिए खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य चौंतीस करोड़ पन्द्रह लाख पचास हजार टन रखा गया है। उन्होंने नई दिल्ली में रबी सीजन— दो हजार चौबीस के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का उदघाटन करते हुए कहा कि किसानों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए।

———बाईट———

दलहन और तिलहन में देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प प्रारंभ किया है और इसलिए हमने किसानों को सबसे पहली शर्त है अच्छा बीज देना, अच्छे बीज देने के लिए मिनी किट प्रदान करने का एक अभियान प्रारंभ किया है।

श्री चौहान ने कहा कि उत्पादकता बढाने और रसायनों तथा उर्वरकों पर निर्भरता घटाने के लिए जैविक और प्राकृतिक कृषि की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढाना और कृषि लागत घटाना तथा किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना है।

———————————————————————————

जीएसटी दर को आसान बनाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह ने बीस लीटर की पानी की बोतल, साईकिल और अभ्यास नोट बुक पर जीएसटी दर की सीमा घटाने का निर्णय लिया है। समिति ने सावधिक जीवन बीमा प्रीमियम और वरिष्ठ नागरिकों के स्वाथ्य बीमा पर जीएसटी पर छूट के संकेत दिये हैं। इसके साथ ही महंगी कलाई घड़ी

और जूते पर टैक्स बढ़ाने का भी सुझाव दिया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मंत्री समूह लोगों को राहत देना चाहता है। उन्होंने कहा कि सिफारिसों पर अंतिम फैसला जीएसटी परिषद करेगी।

———————————————————————

बिहार में विधानसभा की चार सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के उप चुनाव को लेकर विभिन्न दलों ने अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा शुरु कर दी है। एनडीए की ओर से भाजपा ने भोजपुर जिले की तरारी सीट पर विशाल प्रशांत और कैमूर जिले की रामगढ विधान सभा से पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। विशाल प्रशांत पूर्व विधायक सुनील पांडेय के पुत्र हैं। वे हाल में जनता दल यूनाइटेड छोड़कर भाजपा में आये थे। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा ने आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सुमन की पत्नी दीपा मांझी को इमामगंज सीट से उम्मीदवार बनाने का फैसला किया है। इधर, उप चुनाव वाले चारों सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर तक निर्धारित है। अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी। मतदान तेरह नवंबर को होगा।

———————————————————————

दीपावली और छठ पूजा पर उत्तरी और पूर्वी राज्यों की यात्रा करने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए मध्य रेलवे ने दानापुर, छपरा, समस्तीपुर और मुंबई समेत देश के विभिन्न स्थानों से कुल पांच सौ सत्तर विशेष रेलगाडियां चलाने का फैसला किया है। मध्य रेलवे के अनुसार उत्तर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए दानापुर, गोरखपुर, छपरा, बनारस, समस्तीपुर, आसनसोल, अगरतला, संतरागाछी और अन्य स्थानों के लिए तीन सौ अठ्हत्तर रेल गाडियां चलाई गई हैं। यात्री इन गाडियों की पूरी समय सारणी www.enquiry.Indianrail.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं और एनटीईएस एप से भी जानकरी डाउनलोड कर सकते हैं।

———————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय वायु यातायात नियंत्रक दिवस है। पहली बार यह दिवस बीस अक्टूबर दो हजार बारह को मनाया गया था और उसके बाद से हर साल इसी तारीख को मनाया जाता है। यह दिवस विमानन उद्योग के उन गुमनाम नायकों को याद करने का दिन है, जो लोगों की हवाई यात्रा को सुरक्षित और कुशल बनाना सुनिश्चित करते हैं। ये अधिकारी प्रतिदिन हजारों उड़ानों का संचालन करते हैं, उड़ान से लेकर लैंडिंग तक सब कुछ समन्वयित करते हैं।

———————————————————————

वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली की टीम ने भोजपुर और बक्सर जिले से ग्यारह करोड़ रूपये मूल्य के पैंतालीस किलो हाथी दांत के साथ दस तस्करों को गिरफ्तार किया है। भोजपुर के वन प्रमण्डल पदाधिकारी ने बताया कि हांथी दांत को बरामद करने के लिए आरा, मुफस्सिल, नवादा और टाउन थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई की। अधिकारी ने बताया कि दो हाथी दांत और कुछ पशु अंग बक्सर से बरामद किये गये हैं। उन्होंने कहा कि पांच तस्कर आरा से और पांच बक्सर से पकड़े गये हैं।

———————————————————

मुंगेर जिले में साईबर अपराधी पुलिस अधीक्षक के कर्मचारी और अधिकारी बनकर फर्जी कॉल कर लोगों से ठगी कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही जांच शुरू की गयी। उन्होंने बताया कि गंगटा थानाध्यक्ष को प्राथमिकी दर्ज करने निर्देश दिया गया है।

———बाईट———

———————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ नवासी नये मामलों की पुष्टि हुई है। इसमें संतानवे मरीज पटना के हैं। इधर, वैशाली में बारह, बेगूसराय में दस, सीवान में नौ, मुजफ्फरपुर और गया में छह–छह समेत अन्य जिलों से भी मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। वहीं, राज्य में अब तक डेंगू के पांच हजार चार सौ उनचास मामलों की पुष्टि हो चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर राकेश कुमार ने डेंगू से बचाव के संबंध में जानकारी दी।

———बाईट———

———————————————————

पटना में बन रहे समाहरणालय भवन में छठ के बाद काम काज शुरु हो जायेगा। जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने इसकी जानकारी दी। इस के परिसर में पुरानी इमारत के डच कालीन पिलरों को संरक्षित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि नये बन रहे समाहरणालय भवन परिसर में आठ डच कालीन पीलर है। इन्हें संरक्षित किया जा रहा है।

———————————————————

बधिर श्रेणी के खिलाड़ियों के लिए आयोजित टी–टवेंटी राष्ट्रीय क्रिकेट चौंपियनशिप का खिताब दिल्ली की टीम ने जीत लिया है। ऊर्जा स्टेडियम में कल खेले गये फाइनल मैच में दिल्ली ने पश्चिम बंगाल को पराजित कर खिताब पर कब्जा

जमाया। तीन दिनों तक चले इस मुकाबले में देश की उन्नीस टीमों ने भाग लिया। पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और राजस्व तथा भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांजनों के साथ लोगों को मानवीय व्यवहार करना चाहिए। उन्हें आगे बढ़ने की लिए अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है।

———————————————————————

दुबई में महिला टी—ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज न्यूजीलैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने पिछली बार के चौंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश किया।

———————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने सासाराम के डाक अधीक्षक को तीन लाख सैतालीस हजार रूपये के साथ आरा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

———————————————————————

पटना जिले के नौ पैक्स अध्यक्ष और इक्यानवे कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव लड़ने पर जिला प्रशासन ने रोक लगा दी है। जिला सहकारिता पदाधिकारी समरेस कुमार ने बताया कि इन लोगों पर धान अधिप्राप्ति के बाद चावल जमा नहीं करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर इन सभी पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है— मछली उत्पादन में बिहार हुआ आत्मनिर्भर, ड्रोन तकनीक के उपयोग से राज्य के मत्स्य पालकों को होगा लाभ।

दैनिक जागरण ने आतंकियों के विमानों को उड़ाने की फर्जी कॉल को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है, तीस से ज्यादा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी।

दैनिक भास्कर ने शराब कांड पर लिखा है— जब लोग मरने लगे तो शराब शौचालय की टंकी में बहा दी।

प्रभात खबर का शीर्षक है– ईडी ने संजीव हंस की चौदह दिन की रिमांड मांगी।

आज अखबार की सुर्खी– ऑनलाईन हाजिरी पर शिक्षकों को मिलेगा अगला वेतन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01 प्रदेश में बाढ़ क्षति का आकलन करने के लिए केन्द्रीय टीम आज पटना आ रही है। प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर टीम सौंपेगी अपनी रिपोर्ट।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दरभंगा एयरपोर्ट के नये सिविल इनक्लेव का शिलान्यास वर्चुअल मोड में करेंगे।

03. पानी की बड़ी बोतल, कॉपी और साईकिल होगी सस्ती। जीएसटी मंत्री समूह ने बैठक में लिया निर्णय।

04. और, भोजपुर तथा बक्सर जिले से ग्यारह करोड़ रूपये मूल्य के हाथी दांत के साथ दस तस्कर गिरफ्तार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।